# कबड्डी, मलखंभ और रस्साकशी में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## सांसद खेल महोत्सव : सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन

**शाजापुर, 15 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर में फिटनेस, खेल संस्कृति एवं स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत शाजापुर विधानसभा में 15 जनवरी को भव्य आयोजन संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाजापुर के खेल मैदान में हुआ, जहां खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और आम नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही.**




जिला खेल अधिकारी रविंद्र हार्डिया ने बताया कि इस महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. गांधी हॉल में बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता, स्टेडियम मैदान में मलखंभ, हिंद जूनियर स्कूल मैदान में वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल, जबकि शासकीय उत्कृष्ट उमावि शाजापुर के मैदान में खो-खो, रस्साकशी तथा 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक अरुण भीमावद, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, नगर अध्यक्ष आशीष नागर, जिला मंत्री उमेश टेलर, जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार, सोनू सोलंकी, एडीएम बीएस सोलंकी, एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय, एसडीएम मनीषा वास्कले, सांसद खेल महोत्सव के प्रभारी विश्वामित्र पुरस्कार प्राप्त सुदेश सांगते, जयंत जैन, शुभम जाधव, रामचंद्र भावसार, पंकज सोनी, विकास सिंदल, दिलीप त्रिवेदी, आशुतोष श्रीवास्तव, आशीष दवे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रेखा पुरोहित एवं मनीष जायसवाल ने किया. आभार मंडल अध्यक्ष आशीष नागर ने माना.

### अनुशासन और नेतृत्व का निर्माण करता है खेल : सांसद

पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास का निर्माण करता है . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया है, जिससे ग्रामीण और छोटे शहरों की प्रतिभाएं आगे आ रही हैं . सांसद खेल महोत्सव इसी सोच का परिणाम है . उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उपविजेता खिलाड़ियों से कहा कि हार निराशा नहीं, बल्कि सफलता की सीढ़ी होती है . निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच से वे भी भविष्य में विजेता बनेंगे .

### प्रतिभाओं से समृद्ध है शाजापुर की धरती : भीमावद

विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि शाजापुर की धरती प्रतिभाओं से समृद्ध है . सरकार खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे, निराशा और भटकाव से दूर रखकर स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है . भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ . रवि पांडे ने कहा कि खेल महोत्सव युवाओं के लिए अवसरों का मंच है . इससे न केवल खेल प्रतिभा निखरती है, बल्कि युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना भी मजबूत होती है .





### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत सरस्वती पूजन के साथ किया गया . इसके बाद विद्या कुंज स्कूल एवं सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया . उद्घाटन सत्र में सबसे पहले 100 मीटर दौड़ आयोजित की गई, जिससे खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ .

#### खिलाड़ियों को मिले पुरस्कार और सम्मान

टीम खेलों में विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 11000, 7000 एवं 5000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई. वहीं व्यक्तिगत खेलों में क्रमशः 5000, 3000 एवं 2000 की राशि दी गई. इसके साथ ही सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया. सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट का वितरण किया गया. प्रतियोगिता के दौरान सांसद ने सभी खेल मैदानों का निरीक्षण कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया.

# शिकायत के बाद सीएमएचओ और सिविल सर्जन में हुई नोंक-झोंक

## शिकायत मिलने पर पहुंची अस्पताल, सिविल सर्जन को नहीं ड्यूटी डॉक्टर की जानकारी

**शाजापुर, 15 जनवरी. जिला अस्पताल में गुरुवार को एक बार फिर अव्यवस्थाएं सामने आई है. मातृ एवं शिशु भवन में सोनोग्राफी कराने आई गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा. तय समय पर सोनोग्राफी करने वाले डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थे. शिकायत मिलने पर जब सीएमएचओ को मिली तो वे सीधे अस्पताल पहुंची. जहां उनकी सिविल सर्जन से तीखी नोंकझोंक हुई.**



दरअसल महिलाएं सुबह से जांच के लिए पहुंच गई थीं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी. महुपुरा निवासी कान्हा जाटव भी अपनी पत्नी की सोनोग्राफी कराने जिला अस्पताल आए थे, करीब एक घंटे तक वे सोनोग्राफी कक्ष के बाहर बैठे रहे, लेकिन डॉक्टर नहीं पहुंचे. पूछताछ केंद्र पर जाने पर भी कर्मचारियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया. परेशान होकर परिजनों ने अव्यवस्थाओं का वीडियो बनाना शुरू किया. इसके बाद उन्हें अस्पताल पुलिस चौकी भेज दिया गया, जहां कुछ देर खड़ा रखने के बाद वापस लौटा दिया गया.

कान्हा जाटव ने सिविल सर्जन से संपर्क किया, लेकिन वहां भी स्टाफ की कमी का हवाला देकर बात टाल दी गई. इसके बाद उन्होंने सीएमएचओ डॉ.कमला आर्य को फोन कर स्थिति बताई. सूचना मिलते ही सीएमएचओ खुद जिला अस्पताल पहुंचीं और मातृ एवं शिशु भवन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान जहां महिला डॉक्टर और नर्स की ड्यूटी होनी चाहिए थी, वहां ताले लटके मिले. कई जगह गार्ड और कर्मचारी भी अनुपस्थित थे. इसी दौरान सिविल सर्जन डॉ.बीएस मैना भी अस्पताल पहुंचे. ड्यूटी व्यवस्था को लेकर सीएमएचओ और सिविल सर्जन के बीच तीखी नोकझोंक हो गई. सीएमएचओ ने सवाल किया कि सिविल सर्जन को डॉक्टरों की ड्यूटी की जानकारी क्यों नहीं है. सिविल सर्जन ने अनभिज्ञता जताई, जिस पर सीएमएचओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और ड्यूटी में लापरवाही पर फ्टकार लगाई.

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सोयतकलां, 15 जनवरी. कलेक्टर जिला मिशन संचालक श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा जनपद शिक्षा केन्द्र, आगर में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया.**



प्रदर्शनी में विकासखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता करते हुए अपने द्वारा तैयार किए शैक्षणिक एवं नवाचार आधारित मॉडल प्रस्तुत किए. विद्यार्थियों के मॉडलों में शिक्षा, विज्ञान एवं सामाजिक विषयों से जुड़े नवाचार देखने को मिले, जिन्हें उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने सराहा. समापन पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना समन्वयक एमके जाटव ने जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों सहित सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन किया. उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और बेहतर व उपयोगी मॉडल तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया. सहायक परियोजना समन्वयक रजनीश स्वर्णकार, गंगाराम मेवाड़ा, बीआरसी दीपक नारायण उपाध्याय एवं विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक, प्रदर्शनी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी देवेश कुमार दुबे उपस्थित रहे. संचालन सहायक नोडल अधिकारी केके शर्मा ने किया. आभार विकासखंड अकादमिक समन्वयक विनोद शर्मा ने माना.

# जिले में फिर जंगली जानवर की दहशत



**शाजापुर, 15 जनवरी. क्षेत्र में फिर जंगली जानवर की दहशत हुई है. जिसने बीती रात दो कुत्तों को अपना शिकार बनाया. मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने पैरों के निशान तो लिए हैं. लेकिन वे स्पष्ट कुछ कह नहीं पा रहे हैं. इधर ग्रामीण इसे लकड़बग्घा या चीता बता रहे हैं.**

अकोदिया की संजय कालोनी में पिछले दो दिनों से एक जंगली जानवर के मूवमेंट से लोग दहशत में हैं. लोगों ने बताया कि जानवर ने अब तक दो कुत्तों का शिकार किया है. घटना के बाद से कालोनी के लोग खासकर रात के समय बाहर निकलने से बच रहे हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि जानवर का आकार और हमला करने का तरीका अलग है. इसी वजह से आशंका जताई जा रही है कि यह चीता या लकड़बग्घा हो सकता है. कुछ लोगों ने जानवर को रात के समय कालोनी के आसपास घूमते हुए देखने का दावा भी किया है.

#### वन विभाग और पुलिस अलर्ट

थाना प्रभारी संजयसिंह राजपूत ने बताया कि मामले की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है. सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके का निरीक्षण किया, लेकिन जानवर नजर नहीं आया. वन विभाग की टीम को घटनास्थल के आसपास जानवर के पैरों और नाखूनों के निशान मिले हैं. हालांकि इन निशानों के आधार पर अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि जानवर कौन सा है, पहचान के लिए जांच जारी है.

## आज रवाना होगी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम

**शुजालपुर, 15 जनवरी.** 69 वीं राष्ट्रीय एसजीएफ आई हैडबॉल जूनियर बालिका 17 वर्ष प्रतियोगिता 19 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक गुजरात के सोमनाथ में आयोजित हो रही है. इस प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश हैंडबॉल टीम भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने जा रही है.जिसमें शुजालपुर के पवन रायकवार को मध्य प्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया गया. राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुई बालिकाओं के लिए प्रि नेशनल कैंप 12 जनवरी से 16 जनवरी तक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुजालपुर में आयोजित किया जा रहा है.जिमसे खिलाडियों से मिलने उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार मैदान पर पहुंचे और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया. साथ ही गुजरात तक जाने के लिए समुचित व्यवस्था का भी आश्वासन दिया.

# चयनित प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए अपने मॉडल

## डाइट में हुआ जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन

**शाजापुर, 15 जनवरी. राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार गत दिवस जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा डाइट शाजापुर में किया गया. जिसमें विकासखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता करते हुए अपने द्वारा बनाए गए मॉडल प्रस्तुत किए गए.**



जिला स्तर पर चयनित सभी प्रतिभागियों को ओर सहभागिता करने वाले सभी बच्चों एवं शिक्षकों को समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ चौहान ने सभी बच्चों को और भी आगे अच्छे-अच्छे मॉडल बनाकर प्रस्तुत करने की शुभकामनाएं दी. बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडल को सीईओ श्रीमती चौहान द्वारा देखा गया. कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा द्वारा एवं आभार डीपीसी अनुराग पांडेय द्वारा माना गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से डाइट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, डीपीसी अनुराग पाण्डेय, बीआरसी योगेश भावसार, बीईओ केके अवस्थी, एपीसी संतोष राठौर, धीरज बीरथरे, डाइट व्याख्याता अशोक कारपेंटर, महेश भेसानिया, बीएल बैरागी, दीपक शर्मा सहित प्रदर्शनी में निर्णायक समिति में मुख्य रूप से राजेन्द्र सिंह राठौर, नारायण सिंह, निसार खान, श्रीमती प्रीति मिश्रा, नंदकिशोर विश्वकर्मा, अनवर खान, श्रीमती संगीता श्रीवास्तव, राजेन्द्र नामदेव सहित प्रदर्शनी में सहयोगी के रूप में बीएसी प्रमोद गुप्ता, जगदीश भावसार, लोकेश राठौर और सभी सहभागिता करने वाले बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित थे.

# त्वरित निर्णय लेकर बचाई प्रसूता व नवजात की जान



**शुजालपुर, 15 जनवरी. सिविल अस्पताल शुजालपुर में बीती रात एक जटिल प्रसव को चिकित्सकों ने सजगता व त्वरित निर्णय के साथ सीमित संसाधनों के बीच सफल ऑपरेशन किया और इसके चलते 25 वर्षीय प्रसूता व नवजात की जान बचाई जा सकी.**

मिली जानकारी अनुसार 14 जनवरी को प्रसूता आरती बाई पति प्रदीप मीणा निवासी बाबडीखेडा उम्र 25 साल को परिजन असहनीय प्रसव वेदना के साथ लाए थे, जिसका परीक्षण करने पर हाई रिस्क केस के साथ उसकी पूर्व में आपरेशन द्वारा डिलेवरी हुई थी एवं यह उक्त प्रसूता की दूसरी डिलवेरी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण पर पाया की उक्त प्रसूता की बच्चादानी फटने की आशंका होने पर स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डॉ आभा जैन ने त्वरीत निर्णय लेते हुए तत्काल रात को ही ब्लड उपलब्ध कराया एवं आपरेशन की सलाह दी. रात में ही ऑपरेशन की तैयारी अस्पताल में की गई और अल सुबह 3 बजे उक्त प्रसूता का आपरेशन के दौरान पाया की उक्त प्रसूता की बच्चादानी फट चुकी थी एवं अत्यधिक आंतरिक रक्तस्त्राव हो चुका था. सिविल अस्पताल में संवेदनशीतला के साथ सफल ऑपरेशन कर नवजात की डिलेवरी करवाई एवं प्रसूता एवं नवजात दोनो स्वस्थ है. उक्त आपरेशन में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आभा जैन एवं स्टॉफ टीम जिसमें सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. विपिन जैन,निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ.प्रवीण द्विवेदी, पूनम अहिरवार पेथोलॉजी स्टॉफउपस्थित थे.

एक नजर में | नगरवासियों ने धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व

# दूसरे दिन भी पतंगों से सतरंगी हुआ आसमान, दान-पुण्य भी किया

**शाजापुर, 15 जनवरी. दो दिनी मकर संक्रांति पर्व नगरवासियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया. बुधवार के बाद गुरुवार को भी लोगों ने पतंगबाजी के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों में भाग लिया. इस दिन जहां लोगों ने गायों को चारा खिलाया, तो मंदिरों में भी पतंग से प्रभु का श्रृंगार किया गया.**



छत पर पहुंचते ही पिछले दो तीन दिनों से पतंगबाजी की तैयारी कर रहे लोगों की तो जैसे बांछे खिल उठी. क्योंकि हवा ऐसी बह रही थी, जो पतंगबाजी के लिए जरूरी है. बस फिर क्या था, शुरू हो गया डोर और पतंग के साथ आसमान में कलाबाजी दिखाने का दौर. आदर्श वातावरण के बीच पतंगबाजी को लेकर जो उत्साह बच्चों में था, वो ही युवाओं में दिखाई दिया. शहर भर में छतों से डीजे की धुन के बीच काटा है की आवाज सुनाई दे रही थी. सर्द हवाओं के बीच पतंगबाजी का दौर सुबह से शुरू हुआ, तो देर शाम तक चलता रहा. एक ओर जहां युवाओं की अधिकांश टोली छतों पर पतंगबाजी में मशगुल थी, तो पुरुष वर्ग व कुछ महिलाओं ने गिल्ली डंडे को तवज्जौ दी.

#### महिलाओं ने किया हल्दी कुमकुम

मकर संक्रांति के अवसर पर महिलाओं ने हल्दी कुमकुम किया. इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर भेंट भी दी. इसका प्रमुख आयोजन शाम को महाराष्ट्र समाज की महिलाओं ने किया. तो नगर में भी महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग की निशानियां भेंट की, तो किसी ने रोजमर्रा के काम की वस्तुएं. मकर संक्रांति से शुरू हुआ यह हल्दी कुमकुम का सिलसिला तीन चार दिनों तक चलेगा.

### मकर संक्रांति पर भंडारे का आयोजन



मक्सी, श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर मक्सी बस स्टैंड पर भंडारे का आयोजन किया गया . कार्यक्रम समिति अध्यक्ष योगेश भावसार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ . भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं यात्रियों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन का भरपूर लाभ लिया . समिति सदस्यों ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक समरसता का वातावरण बना रहा . इस अवसर पर समिति के सदस्य योगेश भावसार, हंसराज जैन, ऋषि पारीक, हरीश गुड्डू पाण्डे, राधेश्याम पाटीदार, संजय हाथी जैन, संजय भावसार, राकेश भावसार, शरद भावसार, दिलीप भावसार, भविष्य भावसार, पंकज पाटीदार, भरत राठौर, प्रदीप भावसार, संतोष पाटीदार, बलराम पाटीदार सहित अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे . समिति द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से जनसेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है .

## बार-बार रंग बदल रहा मौसम, फिर छाया घना कोहरा

**शाजापुर, 15 जनवरी.** नगर का मौसम बार-बार रंग बदल रहा है. एक दिन पहले लोगों को सर्दी से राहत मिली हुई थी, लेकिन गुरूवार को फिर मौसम बदल गया जिसने फिर ठिठुरने पर मजबूर कर दिया, तो दिन की शुरूआत भी घने कोहरे के साथ हुई. जबकि उम्मीद तापमान बढ़ने व सर्दी कम होने की थी. बुधवार को नगर का मौसम सामान्य था, कोहरा भी गायब था और तेज धूप खिली हुई थी. हल्की हवाएं जरूर लोगों को सर्दी का एहसास करा रही थी, उम्मीद थी कि अब सर्दी का पारा कम होगा, लेकिन गुरूवार सुबह फिर दिन की शुरूआत घने कोहरे के साथ हुई जिसकी विजिबिलिटी काफी कम थी, हालांकि कुछ देर बाद कोहरा छंटने के बाद धूप खिली और मौसम साफ हो गया, लेकिन सर्दी का एहसास बना रहा. दिनभर उत्तर पूर्वी हवाओं ने सर्दी का एहसास कराया. इस दिन अधिकतम तापमान 27.3 व न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री दर्ज किया गया. जबकि एक दिन पहले अधिकतम तापमान 28.7 व न्यूनतम तापमान 10 के करीब पहुंच गया था.